**प्रेस नोट**

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**

**दिनांक- 28.05.2025**

- **महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम हेतु कानपुर देहात पुलिस द्वारी की गयी एक और कड़ी कार्यवाही।**
- **थाना रसूलाबाद पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए नाबालिग बालिका को बहला-फुसला कर भगा ले जाने तथा उसके साथ दुष्कर्म की घटना कारित करने वाले 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार।**
- **थाना रसूलाबाद पर पंजीकृत मु0अ0सं0 0158/2025 धारा 64(1)/137(2) बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट में वांछित था अभियुक्त।**

कृपया अवगत कराना है कि श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री हरीश चन्दर के कुशल मार्गदर्शन में व श्रीमान पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री अरविन्द मिश्र के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 26.04.2025 को थाना रसूलाबाद पर वादी द्वारा तहरीर दी गयी कि उसकी नाबालिक पुत्री को चन्द्रशेखर उर्फ मानसिंह उर्फ वंश पुत्र कामता प्रसाद उर्फ पप्पू निवासी ग्राम करीमउद्दीनपुर थाना बांगरमऊ जनपद उन्नाव व आरबिल पुत्र नन्दराम निवासी फतुआंपुर थाना इन्दरगढ़ जनपद कन्नौज बहला-फुसला कर भगा ले गये हैं, के सम्बन्ध में थाना रसूलाबाद पर मु0अ0सं0 0158/2025 धारा 61(2)/137(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया। मुकदमा उपरोक्त की विवेचना से प्राप्त तथ्यों/साक्ष्यों के आधार पर धारा 61(2) का लोप करते हुए धारा 64(1) बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी। मुकदमा उपरोक्त में थाना रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए वांछित अभियुक्त चन्द्रशेखर उर्फ मानसिंह उर्फ वंश पुत्र कामता प्रसाद उर्फ पप्पू निवासी ग्राम करीमउद्दीनपुर थाना बांगरमऊ जनपद उन्नाव उम्र लगभग 22 वर्ष को आज दिनांक 28.05.2025 को समय 09.30 बजे रसूलाबाद बेला रोड सिठऊमताना तिराहा थाना रसूलाबाद कानपुर देहात से गिरफ्तार किया गया। शेष अन्य अभियुक्त के विरुद्ध साक्ष्य संकलन की कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –**

चन्द्रशेखर उर्फ मानसिंह उर्फ वंश पुत्र कामता प्रसाद उर्फ पप्पू निवासी ग्राम करीमउद्दीनपुर थाना बांगरमऊ जनपद उन्नाव उम्र लगभग 22 वर्ष

**गिरफ्तारी करने वाली थाना रसूलाबाद पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 श्री अजय कुमार
2. हे0का0 563 ब्रजपाल सिंह
3. का0 449 संदीप कुमार